# दिनांक 06.01.2023 को जिलाधिकारी महराजगंज/अध्यक्ष DWSM की अध्यक्षता में सम्पन्न जल जीवन मिशन–हर घर जल की समीक्षा बैठक (समस्त घटक) का कार्यवृत्त:–

दिनांक 06.01.2023 को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल महराजगंज, जिला विकास अधिकारी, जिला जनसूचना एवं सम्पर्क अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण) महराजगंज, अधिशासी अभियन्ता(वि0/यॉ0) उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) गोरखपुर, सहायक अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण) महराजगंज, प्रोजेक्ट मैनेजर जे.एम.सी.प्रोजेक्ट एवं एल.सी.ई.एस.पी.एस.(जे.वी.) महराजगंज, क्वालिटी इंजीनियर मेसर्स रिथविक कोया (जे.वी.) महराजगंज, डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर TPIA, इम्प्लीमेंटेशन सपोर्ट एजेन्सी (ISA), DPMU के प्रोजेक्ट क्वार्डिनेटर, आदि उपस्थित रहे।

बैठक की कार्यवाही का विवरण निम्नवत है–

## (1) खण्ड कार्यालय, जल निगम से सम्बन्धित कार्य:–

### A.रेट्रोफिटिंग

| Sr No. | Date Of Meeting | District | Phase | Schemes | | FHTC | | Remark |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Target | Achieved | Target | Achieved | |
| 1 | 26.12.2022 | महराजगंज | रेट्रोफिटिंग | 31 | 31 | 23315 | 23315 | — |
| 2 | 06.01.2023 | महराजगंज | रेट्रोफिटिंग | 31 | 31 | 23376 | 23376 | — |

### B.जल जीवन मिशन, निर्माणाधीन परियोजना :–

| क्रमांक | बैठक का दिनांक | 01.04.2022 को अधूरी परियोजनाओं की संख्या | वर्ष 2022–23 में स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या | कुल योग (3+4) | योजना में सम्मिलित [illegible] संख्या | वर्ष में पूर्ण की जाने वाली परियोजनाओं की संख्या | कुल परियोजनाओं में से जो अनु. जाति/जनजाति सम्बन्धी | भौतिक प्रगति | | | | | | | कॉलम 14 में से जो अनु. जाति/जनजाति सम्बन्धी | लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति प्रतिशत में (13/7) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | अप्रारम्भ | 50% तक | 51-74% तक | 75-99% तक | पूर्ण | विद्युत कनेक्शन सहित पूर्ण | संचालन प्रारम्भ | | |
| 1 | 26.12.2022 | 34 | 0 | 34 | 179 | 25 | 0 | 0 | 1 | 6 | 5 | 22 | 14 | 14 | 0 | 88% |
| 2 | 06.01.2023 | 34 | 0 | 34 | 179 | 25 | 0 | 0 | 1 | 4 | 5 | 24 | 19 | 19 | 0 | 96% |

अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 01.04.2022 को कुल 34 परियोजनाओं में 25 परियोजनाओं को वर्ष में पूर्ण किये जाने का लक्ष्य है। लक्ष्य के सापेक्ष 24 परियोजना पूर्ण कर ली गयी है जिसमें 19 योजनाओं पर विद्युत कनेक्शन करते हुए 10 परियोजनाओं पर संचालन प्रारम्भ व 9 परियोजनाओं पर टेस्टिंग का कार्य प्रगति पर है। शेष 01 नग लक्ष्मीपुर पेयजल योजना पर नलकूप से स्वतः जल श्राव होने के कारण कार्य प्रभावित है जिसे जल श्राव कम होने के उपरान्त पूर्ण कराया जाना सम्भव हो पायेगा। इसके अतिरिक्त 09 ग्रामीण पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 5 पेयजल योजनाओं को माह–जनवरी के अंत तक पूर्ण कराये जाने के निर्देश अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिये गये साथ ही उक्त समस्त योजनाओं पर विद्युत संयोजन के कार्यो को सिविल कार्यो के साथ कराये जाने के निर्देश दिये गये।


अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) गोरखपुर द्वारा अवगत कराया गया कि 25 परियोजनाओं के सापेक्ष वर्तमान में 19 योजनाओं पर वि0/यॉ0 कार्य कराये गये है। शेष 6 परियोजनाओं पर विद्युत सम्बन्धित समस्त कार्यो को विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित करते हुये अग्रिम बैठक से पूर्व पूर्ण कराये जाने के निर्देश अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिये गये। साथ ही शेष योजनाओं के सिविल कार्यो में विलम्ब होने पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी एवं समस्त कार्यो को निर्धारित की गयी समय सीमा में पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये।


Scanned with OKEN Scanner

अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में संचालित 31 नग रेट्रोफिटिंग योजनाओं के ग्रामों को संतृप्त करने हेतु 3000 नग FHTC का कार्य शेष है जिसपर अधोहस्ताक्षरी द्वारा उक्त समस्त ग्रामों को शुद्ध पेयजल से संतृप्त करने हेतु शेष FHTC को अग्रिम बैठक से पूर्व पूर्ण कराये जाने व निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं के 4000 नग FHTC को माह के अन्त तक पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देश दिये गये।

जिला विकास अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 26.12.2022 की बैठक में दिये गये निर्देशों के क्रम में जिला स्तरीय अधिकारियों के माध्यम से रेट्रोफिटिंग योजनाओं का स्थलीय सत्यापन कराया गया जिसमें योजनाओं के संचालन में कमियाँ पायी गयी है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि सत्यापन में पायी गयी समस्त कमियों को पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें, साथ ही संचालित योजनाओं का सत्यापन सहायक विकास अधिकारी/सचिव के माध्यम से फीड बैक लेना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही:—अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण)





(2) मेसर्स जे.एम.सी.प्रोजेक्ट से सम्बन्धित कार्य (JJM फेज–2):—

| S. N. | Dateof Meeting | Phase | Agency | Land | | DPR Status Villages (No. Of Scheme) | | | | Tri Party Agreement (No. Of Scheme) | Cover Agreement (No. Of Scheme) | Work Started | FHTC | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Target | Achieved | Target | Submitted | DWSM | SLSSC | | | | Target | Achieved | % |
| 1 | 26-12-2022 | Phase-2 | JMC Projects | 446 | 446 | 446 (341) | 445 (340) | 437 (334) | 366 (285) | 366 (285) | 249 | 182 | 123006 | 33924 | 27.58% |
| 2 | 06-01-2022 | Phase-2 | JMC Projects | 446 | 446 | 446 (341) | 445 (340) | 437 (334) | 366 (285) | 366 (285) | 249 | 182 | 123006 | 38659 | 31.42% |

अवगत कराया गया कि 446 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 341 परियोजनाओं के डी0पी0आर0 बनाये जाने का कार्य लक्षित था, जिसके सापेक्ष 446 राजस्व ग्राम की 341 परियोजनाओं के डी0पी0आर0 फर्म द्वारा उपलब्ध कराये जा चुकें है। वर्तमान तक DWSM के द्वारा 437 राजस्व ग्रामों की 334 परियोजनाओं के डी0पी0आर0 तकनीकी स्वीकृति उपरान्त शासन को प्रेषित किये गये है। शेष 9 राजस्व ग्रामों के 7 नग डी0पी0आर0 DWSM से स्वीकृति हेतु इस बैठक में प्रस्तुत किये गये। अध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा 2 नग डी0पी0आर0 जिनकी प्रति व्यक्ति लागत रू0 6400.00 से कम है की स्वीकृति प्रदान की गयी व शेष 5 नग डी0पी0आर0 जिनकी प्रति व्यक्ति लागत रू0 6400.00 से अधिक है, का अवयववार स्पष्टीकरण के साथ जिला विकास अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देश दिये गये कि राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन से समन्वय स्थापित करते हुये शेष योजनाओं की SLSSC से स्वीकृति प्राप्त करते हुये कवर एग्रीमेन्ट का कार्य सम्पादित कराया जाना सुनिश्चित करें।

Scanned with OKEN Scanner

# कवर एग्रीमेन्ट के सापेक्ष लक्ष्य / उपलब्धि(249पे0यो0)

| Sl. No. | Description | Unit | CA-1 DOS: 10.12.21, DOC: 09.12.22 | | | | CA-2 DOS: 09.02.22, DOC: 08.02.23 | | | | CA-3 DOS: 05.09.22, DOC: 04.09.23 | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Total Scope (Target) | Completed | Progress | Not Started | Total Scope (Target) | Completed | Progress | Not Started | Total Scope (Target) | Completed | Progress | Not Started |
| 1 | Tube well Works | Nos. | 74 | 63 | 3 | 8 | 81 | 49 | 7 | 25 | 94 | 4 | | 90 |
| 2 | Boundary wall | Nos. | 74 | 11 | 8 | 55 | 81 | 8 | 3 | 70 | 94 | 1 | | 93 |
| 3 | Pump House | Nos. | 74 | 4 | 6 | 64 | 81 | 2 | 12 | 67 | 94 | 0 | 1 | 93 |
| 4 | Solar | Nos. | 74 | 2 | 4 | 68 | 81 | - | - | 81 | 94 | - | | 94 |
| 5 | Distribution Network | KM | 561 | 328 | - | 233 | 686 | 396 | - | 290 | 973 | 102 | | 871 |
| 6 | FHTC Connection | Nos. | 40163 | 17787 | - | 22376 | 41064 | 18295 | - | 22769 | 54814 | 3073 | | 51741 |
| 7 | OHT | Nos. | 74 | 0 | 12 | 62 | 81 | 0 | 13 | 68 | 94 | 0 | 1 | 93 |

जल जीवन मिशन फेज–2 के अन्तर्गत चयनित फर्म मेसर्स जे.एम.सी.प्रोजेक्ट द्वारा कवर एग्रीमेन्ट प्रथम जिसकी कार्य प्रारम्भ की तिथि 10.12.2021 एवं कार्य समापन की तिथि 09.12.2022 है जिसके अन्तर्गत 74 नग योजनाओं पर कार्य कराये जाने प्रस्तावित है। वर्तमान तक 74 नग योजनाओं के सापेक्ष नलकूप निर्माण 63 नग, बाउन्ड्रीवाल निर्माण 74 नग, पम्प हाउस निर्माण 4 नग, शिरोपरि जलाशय निर्माण–शून्य, 561 किमी0 के सापेक्ष 328 किमी0 वितरण प्रणाली का कार्य कराया गया है, इसी प्रकार द्वितीय कवर एग्रीमेन्ट जिसकी कार्य प्रारम्भ की तिथि 09.02.2022 एवं कार्य समापन की तिथि 08.02.2023 है जिसके अन्तर्गत 81 नग योजनाओं पर कार्य कराये जाने प्रस्तावित है। वर्तमान तक 81 नग योजनाओं के सापेक्ष नलकूप निर्माण 49 नग, बाउन्ड्रीवाल निर्माण 8 नग, पम्प हाउस निर्माण 2 नग, शिरोपरि जलाशय निर्माण–शून्य, 686 किमी0 के सापेक्ष 396 किमी0 वितरण प्रणाली का कार्य कराया गया है, कार्य की प्रगति अत्यन्त कम होने के कारण अधोहस्ताक्षरी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी एवं अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि भविष्य में होने वाले भुगतानों में नियमानुसार कटौती करते हुये ही बीजकों के भुगतान किये जाये। अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देश दिये गये कि प्रत्येक दिवस 500 नग FHTC प्रदान करना सुनिश्चित करें तथा प्रथम व द्वितीय कवर एग्रीमेन्ट के अन्तर्गत चयनित समस्त योजनाओं को माह–फरवरी 2023 तक पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें, अन्यथा फर्म के विरूद्ध विधिवत कार्यवाही कर दी जायेगी।

(कार्यवाही:–परियोजना प्रबन्धक, जे0एम0सी0 एवं एल0सी0ई0एस0पी0एस0(जे0वी0) / अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण)

Scanned with OKEN Scanner

### (3) मेसर्स रिथविक कोया (जे.वी.) (JJM फेज–3):–

| Sr No. | Date of Meeting | Phase | Agency | Land | | DPR Status Villages (No. Of Scheme) | | | | Tri Party Agreement (No. Of Scheme) | Cover Agreement (No. Of Scheme) | Work Started |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Target | Achieved | Target | Submitted | DWSM | SLSSC | | | |
| 1 | 26.12.2022 | Phase-3 | Ritivik_Koya (JV) | 651 | 645 | 651 R.V | 564 (332) | 498 (299) | 304 (174) | 262 (154) | 74 | 13 |
| 2 | 06.01.2023 | Phase-3 | Ritivik_Koya (JV) | 651 | 651 | 651 R.V | 547 (326) | 510 (302) | 304 (174) | 304 (174) | 74 | 13 |

अवगत कराया गया कि 651 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 448 परियोजनाओं के डी0पी0आर0 बनाये जाने का लक्ष्य था जिसके सापेक्ष 547 राजस्व ग्राम की 326 परियोजनाओं के डी0पी0आर0 फर्म द्वारा उपलब्ध कराये गये है। वर्तमान तक DWSM के द्वारा 510 राजस्व ग्रामों की 302 परियोजनाओं के डी0पी0आर0 तकनीकी स्वीकृति उपरान्त शासन को प्रेषित किये गये है। शेष 37 राजस्व ग्रामों के 24 नग डी0पी0आर0 DWSM से स्वीकृति हेतु इस बैठक में प्रस्तुत किये गये। अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि समस्त योजनाओं की प्रति व्यक्ति लागत रू0 6400.00 से कम है। जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा समस्त डी0पी0आर0 के परीक्षण उपरान्त स्वीकृति प्रदान की गयी एवं निर्देश दिये गये कि समस्त योजनाओं के डी0पी0आर0 को राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन में SLSSC हेतु उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही फर्म को निर्देश दिये गये कि शेष राजस्व ग्रामों की समस्त डी0पी0आर0 अग्रिम प्रस्तावित बठक से पूर्व उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें, इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता मान्य नहीं होगी।

फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान तक स्वीकृत 104 नग योजनाओं के सापेक्ष 13 नग योजनाओं पर कार्य प्रगति पर है जिसमें जिसमें 5 नग नलकूप निर्माण का कार्य पूर्ण कराया गया है व 38 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाये जाने का कार्य पूर्ण कराया गया है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्यो की धीमी प्रगति पर कडी नाराजगी व्यक्त की गयी एवं अग्रिम प्रस्तावित बैठक मे कवर एग्रीमेन्टवार योजनाओं से सम्बन्धित विवरण पर्ट चार्ट के माध्यम से उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये। साथ ही प्रत्येक दिवस न्यूनतम 100 नग FHTC उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये।

**(कार्यवाही:– मेसर्स रिथविक कोया (जे.वी.), महराजगंज / अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण))**

**(4) मेसर्स मेधज टेक्नो कान्सेप्ट प्रा0लि0 TPIA**:– परियोजना के टीम लीडर द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन योजना के क्रियान्वयन में 3942 विन्दुओं पर आपत्ति प्रस्तुत की गयी जिसके सापेक्ष वर्तमान तक 2350 विन्दुओं की निस्तारण आख्या फर्म द्वारा प्रस्तुत की गयी है, जिसका परीक्षण TPIA द्वारा किया जा रहा है एवं 1592 विन्दुओं की निस्तारण आख्या प्राप्त होना अवशेष है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि कार्यो में पायी गयी कमियों को तत्काल निस्तारित कराया जाये एवं बैठक में फोटोग्राफ सहित विवरण प्रजेन्टेशन के माध्यम से प्रेषित किया जाये।

**(कार्यवाही:– परियोजना प्रबन्धक, जे0एम0सी0 एवं एल0सी0ई0एस0पी0एस0(जे0वी0) / मेसर्स मेधज टेक्नो कान्सेप्ट प्रा0लि0, महराजगंज / अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) / जिला विकास अधिकारी)**

**(5) इम्प्लीमेंटेशन सपोर्ट एजेन्सी (ISA)**:– अवगत कराया गया कि समस्त ISA को रेट्रोफिटिंग / निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं FHTC हेतु आधार कार्ड एकत्र करने हेतु दिये गये लक्ष्य के सापेक्ष कार्य प्रगति पर है। निर्देशित किया गया कि फेज–2 एवं फेज–3 की प्रत्येक योजना हेतु ISA को रोस्टर जारी करते हुये आधार कार्ड कलेक्शन कार्य किया जाये एवं अगली बैठक से पूर्व रेट्रोफिटिंग व निर्माणाधीन योजनाओं के शतप्रतिशत आधार कार्ड प्राप्त कर लिये जाये जिससे FHTC की वांछित प्रगति प्राप्त की जा सके ।

**(कार्यवाही:– इम्प्लीमेंटेशन सपोर्ट एजेन्सी / अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) / DPMU)**

Scanned with OKEN Scanner

(6) जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई (DPMU):- अवगत कराया गया कि DPMU द्वारा समस्त घटकों द्वारा किये जा रहे क्रियाकलापों का नियमित अनुश्रवण एवं सहयोग किया जा रहा है। DPMU के ISA क्वार्डिनेटर को निर्देशित किया गया कि ISA के द्वारा किये जा रहे कार्यों का नियमित अनुश्रवण करते हुये कार्यों को गति प्रदान करने हेतु आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाये व आवंटित ग्राम पंचायतों में प्राथमिकता के आधार पर प्रत्येक ISA के द्वारा एकत्र कराते हुये आधार कार्ड की पोर्टल पर इन्ट्री की जाये।

(कार्यवाही:- जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई (DPMU)/अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण)/(ISA)

(सत्येन्द्र कुमार)
आई०ए०एस०
जिलाधिकारी
महराजगंज।

## कार्यालय जिलाधिकारी, महराजगंज

पत्रांक: 38 / कार्य-114 / 06 दिनांक: 13.01.2023

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य विकास अधिकारी, महराजगंज।
2. अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०), महराजगंज।
3. जिला विकास अधिकारी, महराजगंज।
4. जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, महराजगंज।
5. मुख्य अभियन्ता(गो०क्षे०), उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), गोरखपुर।
6. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), गोरखपुर।
7. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), महराजगंज।
8. प्रोजेक्ट मैनेजर मेसर्स मे० जे.एम.सी.प्रोजेक्ट एवं एल.सी.ई.एस.पी.एस.(जे.वी.), महराजगंज।
9. प्रोजेक्ट मैनेजर मेसर्स रिथविक कोया (जे.वी.), महराजगंज।
10. मेसर्स मेघज टेक्नो कान्सेप्ट प्रा०लि०, महराजगंज।
11. डिस्टिक क्वार्डिनेटर (DPMU) महराजगंज।

12/1/23
जिलाधिकारी
महराजगंज।

Scanned with OKEN Scanner